# जल जीवन मशिन (शहरी)

# जल जीवन मिशन (शहरी)

## परिचय

- इसकी घोषणा **बजट** **2021-22** में की गई थी।
- सभी **4,378** वैधानिक कस्बों में कार्यात्मक नलों के माध्यम से सभी घरों में जल की आपूर्ति का सार्वभौमिक कवरेज प्रदान करने के लिये।
- यह वर्ष **2019** में शुरू की गई केंद्र की ग्रामीण जल आपूर्ति परियोजना (जल जीवन मिशन) के अनुरूप है।

## नोडल मंत्रालय

- आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

## उद्देश्य

- नल और सीवर कनेक्शन तक पहुँच सुनिश्चित सुरक्षित करना
- जल निकायों का नवीनीकरण
- जल की चक्रीय अर्थव्यवस्था का निर्माण करना
- **500** अमृत (AMRUT) शहरों में सीवेज/सेप्टेज प्रबंधन का कवरेज प्रदान करना
- सतत् विकास लक्ष्य **6** (सभी के लिये स्वच्छ जल और स्वच्छता) को पूरा करना

## विशेषताएँ

- **पेय जल सर्वेक्षण**-समान वितरण के लिये सर्वेक्षण
- शहरी स्थानीय निकायों की मजबूती पर विशेष जोर
- दोहरी पाइपिंग प्रणाली को बढ़ावा देना
- पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) मॉडल को बढ़ावा देना
- जल के लिये एक प्रौद्योगिकी उप-मिशन
- जल संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार (IEC) अभियान।

## केंद्र सरकार द्वारा वित्तीयन

- केंद्रशासित राज्यों के लिये: **100%**
- पूर्वोत्तर एवं पहाड़ी राज्यों के लिये: **90%**
- अन्य राज्यों के लिये:
  - **1** लाख से कम आबादी वाले शहर: **50%**
  - **1** लाख से **10** लाख तक की आबादी वाले शहर: **33.3%**
  - **1** मिलियन से अधिक जनसंख्या वाले शहर : **25%**

## परिणाम आधारित वित्तीयन

- परियोजनाओं के लिये सरकार की ओर से वित्तपोषण **20:40:40** की तीन किस्तों में किया जाएगा।

[और पढ़ें...]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jal-jivan-mission-urban-1